**आकाशवाणी मध्यप्रदेश**

**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक : 17.02.2026** **समय : 07.10PM**

**मुख्य समाचार :-**

- **भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी को नई उड़ान, देश में बनेगा एडवांस हेलीकॉप्टर ।**
- **इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट का आज दूसरा दिन, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि एआई को लेकर युवाओं में जबरदस्त जोश ।**
- **विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन वित्त मंत्री ने चालू वित्तीय साल का तीसरा अनुपूरक बजट पेश किया।**
- **आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में बड़ा उलटफेर, ऑस्ट्रेलिया ग्रुप स्टेज से बाहर।**

**प्रधानमंत्री फ्रांस**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन ने कर्नाटक के वेमगल में टाटा-एयरबस हेलीकॉप्टर असेंबली लाइन का वर्चुअल उद्घाटन किया और बाद में संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत-फ्रांस की रणनीतिक साझेदारी बहुत खास है और आपसी भरोसे के दम पर इसे नई ऊंचाई मिल रही है। उन्होंने बताया कि दोनों देश मिलकर भारत में हेलीकॉप्टर बनाएंगे, जिन्हें दुनिया भर में निर्यात किया जाएगा।

**एआई इम्पैक्ट समिट**

नई दिल्ली के भारत मंडपम में चल रहे इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट का आज दूसरा दिन था. इंडिया एआई समिट के दौरान आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि देश के युवाओं में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। श्री वैष्णव ने कहा कि यहां उमड़ी भीड़ और ऊर्जा से साफ है कि एआई और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में भारत की मजबूत वैश्विक पहचान बन रही है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को दुनिया के मंच पर जो जगह मिली है, उसकी झलक दुनिया के सबसे बड़े एआई आयोजनों में साफ दिखाई देती है।

**विधानसभा**

विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने चालू वित्तीय साल का तीसरा अनुपूरक बजट पेश किया। यह करीब 19 हजार 287 करोड़ रुपये का है। इस अतिरिक्त बजट में करीब 9 हजार करोड़ रुपये राजस्व खर्च और करीब 10 हजार करोड़ रुपये पूंजीगत कामों के लिए रखे गए हैं। ऊर्जा विभाग को लगभग 2 हजार 630 करोड़, नगरीय विकास को करीब ढाई हजार करोड़, नर्मदा घाटी विकास को 4 हजार 700 करोड़ और वित्त विभाग को 1 हजार 650 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

इसके साथ ही श्री देवड़ा ने साल 2024-25 का आर्थिक सर्वे भी सदन में रखा गया। इसमें बताया गया कि प्रदेश की जीडीपी करीब 11 प्रतिशत बढ़ी है और प्रति व्यक्ति आय बढ़कर लगभग 1.69 लाख रुपये हो गई है। आर्थिक सर्वे के मुताबिक 2025-26 में राज्य की कुल अर्थव्यवस्था का आकार करीब 16.7 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है, जो पिछले साल से ज्यादा है।

**प्रदर्शन**

भोपाल में विधानसभा के बजट सत्र के दौरान महिला कांग्रेस ने महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन किया। पीसीसी दफ्तर के बाहर 'रसोई संसद' लगाकर महिलाओं ने खाली गैस सिलेंडर, चूल्हा, चकला-बेलन और कड़ाही के साथ सरकार के खिलाफ विरोध जताया। प्रदर्शन का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष रीना बोसी सेठिया ने किया।

**मुख्यमंत्री बधाई**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जेईई मेन पास करने वाले प्रदेश के सभी बच्चों को बधाई दी है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर खास तौर पर इंदौर के रिद्धेश बेंडाले को स्टेट टॉपर बनने और अनुष्का अग्रवाल को गर्ल्स टॉपर बनने पर शुभकामनाएं दीं।

**राज्यपाल**

प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने आज इंदौर स्थित देवी अहिल्याबाई विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शिरकत की। इस दौरान राज्यपाल ने विश्वविद्यालय परिसर से एनीमिया जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अधिकारी और बड़ी संख्या में छात्र मौजूद रहे।

**श्रम बैठक**

प्रदेश के श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल की अध्यक्षता में श्रम कल्याण मंडल की 64वीं बैठक हुई। इसमें श्रमिकों के बच्चों की पढ़ाई, मेधावी छात्रों को प्रोत्साहन और शुरुआती कॅरियर काउंसलिंग पर जोर दिया गया। मंत्री ने वेतनमान के लंबित मामलों को जल्द निपटाने और ईपीएफ से जुड़ी समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। सामाजिक सुरक्षा का पैसा जमा न करने वाले नियोक्ताओं की जानकारी पोर्टल पर डालने की बात भी कही।

**सामाजिक न्याय बैठक**

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में दिव्यांगजनों की पहचान के लिए तहसील स्तर पर शिविर लगाने का प्रस्ताव पास हुआ। सामाजिक सुरक्षा पेंशन और अंत्येष्टि सहायता की राशि बढ़ाने की सिफारिश भी की गई। मंत्री ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ

जरूरतमंदों तक पहुंचाया जाएगा। मुख्यमंत्री कन्या विवाह और निकाह योजना को ज्यादा से ज्यादा आयोजित करने पर जोर दिया गया।

**प्रशिक्षण**

राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ने 27 जिलों की बीज सखियों को पारंपरिक बीज संरक्षण और बीज बैंक बनाने के लिए भोपाल में दो दिन का प्रशिक्षण दिया। इसमें पद्मश्री बाबूलाल दहिया समेत देशी बीज बचाने वाले विशेषज्ञों ने अपने अनुभव साझा किए। इस पहल का मकसद महिला समूहों के जरिए प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना और जिलों में बीज बैंक स्थापित करना है।

**क्रिकेट**

आईसीसी पुरुष टी20 क्रिकेट विश्व कप में इस वक्त मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में स्कॉटलैंड और नेपाल के बीच मुकाबला खेला जा रहा है। नेपाल ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी है। वहीं चेन्नई के एमए चिदम्बरम स्टेडियम में न्यूजीलैंड ने कनाडा को 8 विकेट से हराकर ग्रुप-D से सुपर-8 में जगह बना ली। कनाडा के 174 रन के लक्ष्य को कीवी टीम ने 15.1 ओवर में हासिल कर लिया। टूर्नामेंट का सबसे बड़ा उलटफेर तब हुआ जब ऑस्ट्रेलिया ग्रुप स्टेज से ही बाहर हो गई और ज़िम्बाब्वे सुपर-8 में पहुंच गई। पल्लेकेले में ज़िम्बाब्वे-आयरलैंड मैच बारिश से रद्द हुआ, दोनों को 1-1 अंक मिला और ज़िम्बाब्वे के 5 अंक हो गए। इसके साथ ही ज़िम्बाब्वे ने सुपर-8 में एंट्री के साथ 2028 टी20 वर्ल्ड कप के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है।

**कुछ समाचार संक्षेप में ....**

- केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल में आज और कल 'भारतीय विद्याओं में अनुसंधान की परंपराएं' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई है।
- नर्मदापुरम में "युवा संगम रोजगार मेल का आयोजन कल केसला स्थित भगवान बिरसा मुंडा शासकीय महाविद्यालय परिसर में किया जाएगा।
- कटनी में जनगणना के लिए चार दिवसीय प्रशिक्षण आज से शुरू हुआ जो कल तक चलेगा।
- नीमच कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने जनसुनवाई करते हुए 92 आवेदकों की समस्याएं सुनकर निराकरण समय–सीमा करने के निर्देश दिये।
- शिवपुरी जिले के बदरवास थाना अंतर्गत नेशनल हाईवे बायपास रोड पर आज एक मोटरसाइकिल पर सवार दो लोगों की अज्ञात वाहन से टक्कर के चलते मौत हो गई।
- संकल्प से समाधान" अभियान के अंतर्गत खण्डवा विकासखण्ड के ग्राम अमलपुरा एवं कालमुखी में आयोजित स्वास्थ्य शिविरों में कुल 565 ग्रामीणों का निःशुल्क परीक्षण व उपचार किया गया
- सीहोर में 19 फरवरी को युवा संगम रोजगार मेला डॉ. अम्बेडकर शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में सुबह 11 बजे से आयोजित किया जाएगा।
- देवास में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विजयागंज मंडी में संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया
  और

- सागर में क्रय प्रक्रिया का अनुपालन न करने एवं विद्यालय में अनुपस्थित शिक्षक को वेतन देने पर प्रभारी प्राचार्य सी०एम० राईज (संदीपनी विद्यालय) बांदरी को निलंबित कर दिया गया है।
- प्रदेश में आज से दस्तक अभियान का दूसरा चरण शुरू हो गया है, जो 19 मार्च तक चलेगा। इस दौरान 9 महीने से 5 साल तक के 88 लाख से ज्यादा बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करने का लक्ष्य है।
- बड़वानी जिले में आज कृषि विज्ञान केंद्र तलून में 'कृषि संवाद' नाम से एक दिन की सेमिनार और कार्यशाला आयोजित की गई।
- भोपाल में 19 फरवरी को 'आपातकाल और युवा' विषय पर एक राष्ट्रीय विमर्श होने जा रहा है। आयोजन का मकसद आपातकाल के दौर को याद करना और आज के युवाओं के लिए उससे मिलने वाले सबक पर चर्चा करना है।

---------------------------